# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–01 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। उन्होंने आज कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय बजट में घोषित **पीएम धन धान्य कृषि योजना** के बारे में और सरकार के **बीज से बाजार तक** पहल की सफलता को लेकर भी चर्चा की।

***आज भारत का कृषि उत्पा दन रिकॉर्ड स्तर पर है। दस, ग्यारह साल पहले जो कृषि उत्पादन 265 मिलियन टन के करीब था वो अब बढकर 330 मिलियन टन से ज्यादा हो गया है। बागवानी में जुड़ा उत्पोदन 350 मिलियन टन से ज्यादा हो गया है। यह हमारी सरकार के बीज से बाजार तक की अपोर्च का परिणाम है।***

श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण का भी उल्लेख किया और कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रयागराज महाकुंभ ने पूरे विश्व को चकित कर दिया कि कैसे नदी के किनारे एक अस्थायी शहर में करोडों लोगों ने पवित्र स्नान किया। नई दिल्ली में आज भारत मंडपम में एन एक्स  टी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आज यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज देश को जानने के लिए दुनियाभर से लोग भारत आना चाहते हैं। विश्व इक्कीसवीं सदी के भारत की ओर बेहद उत्सुकता से देख रहा है।  उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल अब वास्तविकता में बदल रहा है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ के पैंतालिस दिनों के दौरान श्री काशी विश्वनाथ धाम में रिकॉर्ड तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने बाबा का दर्शन पूजन किया है। मंदिर प्रशासन की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक महाशिवरात्रि पर छियालिस घंटों के भीतर सत्रह लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने, जबकि मौनी अमावस्या पर ग्यारह लाख से अधिक लोगों ने बाबा का दर्शन किया।

**********

देशभर में आज से  जन औषधि जन चेतना सप्ताह का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम सात मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के रथ और दस अन्य वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री नड्डा ने सभी लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि इस सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को जागरूक किया जायेगा।

***इस योजना के माध्यनम से दो हजार 47 के करीब दवाएं और तीन सौ से अधिक सर्जिकल उत्पाहद जनता को बहुत ही कम दामों पर बाजार में जो ब्रेंडेड दवाएं मिलती हैं उनसे यदि तुलना करें तो 70–अस्सी प्रतिशत कम दामों पर यह सब उपलब्ध  हो रहा है जिससे जनता की तीस हजार करोड रूपए की बचत हुई है।***

**********

कुशीनगर जिले के परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामजियावन मौर्य ने दी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में डिजिटल लाइब्रेरी में विभिन्न भाषाओं की तीन हजार से अधिक किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। डिजिटल लाइब्रेरी को तीन वर्ष के बच्चों से लेकर सोलह वर्ष तक के आयु वर्ग के किशोर–किशोरियों के लिए तैयार किया गया है। नये शैक्षिक सत्र से टैबलेट या एंड्रॉयड फोन पर  यह सुविधा मिलेगी।

**********

आगरा जिले के फतेहाबाद थानाक्षेत्र में आगरा –लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आज सुबह  वाराणसी से जयपुर जा रही बस और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। इस दुखद हादसे में करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार का भी निर्देश दिया है।

**********

चित्रकूट जिले में चल रहे बावनवें राष्ट्रीय रामायण मेला महोत्सव के चौथे दिन आज रामकथा प्रवचन सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्वतजन ने रामभक्ति, रामनाम की महिमा और सगुण भक्ति की महत्ता जैसे विषयों पर चर्चा की। तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य और पद्म विभूषण स्वामी रामभद्राचार्य की उपस्थिति में दो मार्च को मेले का समापन होगा।

**********

कल से रमजान के पाक महीने की शुरूआत हो रही है। इसी क्रम में आज शाम से तरावीह की विशेष नमाज भी शुरू हो जाएगी। मुस्लिम धर्मगुरुओं के अनुसार कल रमजान का पहला रोजा होगा और अलविदा जुमा की नमाज 28 मार्च को होगी।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने कल से पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक अगले तीन चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी और फिर थोड़ी सी गिरावट आएगी। वहीं अगले चार पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में भी धीरे धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

**********